सार-समाचार

बच्चों को मिले जर्सी और बैग

भुसावर भरतपुर (निस)। भुसावर में भारत विकास परिषद और निरंजन सेवा, नई दिल्ली द्वारा स्व. निरंजनलाल गुप्ता की स्मृति में नाईयों की ढाणी स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जर्सी और स्कूल बैग वितरित किए गए। मकर संक्रांति पर आयोजित इस सेवा कार्य ने कड़ाके की ठंड में बच्चों को बड़ी राहत पहुंचाई है। पूरी खबर में जानें भामाशाहों के इस सराहनीय योगदान और कार्यक्रम के विवरण के बारे में। भुसावर। भीषण शीत लहर और ठिठुरती ठंड के बीच जब बचपन को सहारे की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब भुसावर की धरा पर सेवा और समर्पण की एक अनुपम मिसाल पेश की गई। स्थानीय सेठों की हवेली निवासी स्वर्गीय निरंजनलाल गुप्ता की पावन स्मृति में आज इटामडा स्थित नाईयों की ढाणी स्कूल के आंगन में खुशियों की सौगात बरसी। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा और निरंजन सेवा, नई दिल्ली के साझा प्रयासों से आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म जर्सी और स्कूल बैग वितरित किए गए, जिससे न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी, बल्कि उनके भविष्य की राह भी सुगम हुई। मकर संक्रांति के इस पुण्य पर्व पर आयोजित सेवा प्रकल्प का शुभारंभ मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल और शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभावों में जी रहे बच्चों को संबल प्रदान करना था। शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल और सचिव डॉ. विजय पहाड़िया ने बताया कि यह प्रयास उस सेवा भाव का हिस्सा है, जिसके तहत इस पूरे सत्र में अब तक नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में 602 स्कूल बैग और 484 गर्म जर्सियां वितरित की जा चुकी हैं।

मकर संक्रांति का पर्व मनाया

हिंडौन सिटी। शहर में मकर संक्रांति का पर्व बुधवार को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना व पवित्र जलाशय और नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया। शहर के डैप रोड, कटरा बाजार,अठावाल धर्मशाला के पास, मुंसिफ कोर्ट के सामने पुआ,पकौड़ी, गाजर का हलवा और तिल से बने गरम व्यंजनों का वितरण किया। सुतीक्ष्ण शर्मा व पवन शर्मा ने बताया कि मुंसिफ कोर्ट के सामने रेस्टोरेंट पर आसपास के दुकानदारों ने मकर संक्रांति के पर्व पर गाजर का हलवा, आलू प्याज की पकौड़ी आदि गरम व्यंजनों का वितरण किया।

परामर्श शिविर आयोजित

हिण्डौन सिटी । करौली जिले के उपखण्ड हिण्डौन सिटी के करई गाँव में जीवन ज्योति फांउण्डेशन के तत्त्वावधान में गर्वित के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।फाउण्डेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने किया जबकि अध्यक्षता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी ने की । मंच का संचालन शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले महू निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गजानंद सोलंकी द्वारा किया गया । शिविर संचालक पुष्पेन्द्र गारुवाल के द्वारा सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए एस पी सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि जीवन ज्योति फाउंडेशन विगत कई वर्षों से जिले सहित राज्य भर में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। टीम द्वारा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्तदान, रोटी बैंक के भोजन वितरण, नि:शुल्क नेत्र जाँच व चिकित्सा शिविर, वस्त्र वितरण, शीतल जल प्याऊ आदि माध्यमों से कार्य कर रही है, जो बेहद पुण्य का कार्य है। शिविर की अध्यक्षता कर रहे जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सोलंकी ने कहा कि नेत्र चिकित्सा व जांच शिविर में लगाकर क्षेत्र के जरूरत मन्द मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहे है जो बहुत ही पुण्य का कार्य है। फ़ाउंडेशन की तारीफ शब्दों में बयान नहीं की जा सकती है। इनका कार्य बहुत ही काबिलेतारीफ व सराहनीय है। शिविर संचालक पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 125 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंद मोहन सुमन के द्वारा 104 मरीजों की आँखों की जाँच की गई एवं चिकित्सा परामर्श दिया गया तथा 20 रोगी को मोतियाबिंद बीमारी से ठासित पाये जाने पर ऑपरेशन की सलाह दी गई। जिनका ऑपरेशन 7 दिन बाद कराया जाएगा।

कृषि महाविद्यालय का शैक्षिणक भ्रमण

भुसावर भरतपुर (निस)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हेलक के कृषि व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने कृषि महाविद्यालय भुसावर का शैक्षिणक भ्रमण किया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल कॉन्फ्रेंस हॉल, कृषि फॉर्म व फलदार बगीचो के भ्रमण के दौरान विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉ उदय भान सिंह ने आम, आंवला, नींबू, अमरुद, पपीता आदि फल तथा टमाटर, बैगन, मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, मटर, पालक, धनिया आदि सब्जियों में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की पहचान व उनके नियंत्रण हेतु पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सचित्र जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया कि फल सब्जी एवं फसलोत्पादन के साथ उनकी प्रोसेसिंग कर सीधे मार्केटिंग से जुड़ने से लाभ कई गुना बढ़ जाता है। कृषि शिक्षा से जुड़े विद्यार्थी कृषि उद्यिमता के स्टार्टअप तैयार करें। नए कृषि उद्योगों के लिए सरकार अनुदान सहित कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवा रही है। विद्यार्थियों के भ्रमण के दौरान विद्यालय के भीम सिंह धाकड़ कृषि व्याख्याता, शशिकांत शर्मा हिंदी व्याख्याता, दुष्यंत, पूनम कुमारी व लक्ष्मी गुर्जर उपस्थित रहे

वितरित किये कम्बल

भरतपुर (निस)। इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा सर्दियों में बचाव हेतु जरूरतमंद परिवारों को रेडक्रास सोसायटी द्वारा कम्बल प्रदान किये गये। उक्त कम्बल राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली से प्रांतीय मुख्यालय के माध्यम से जिला शाखाओं को भिजवायेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में रेडक्रास सचिव पवन खंडेलवाल, संयुक्त सचिव कृष्णकांत गर्ग, रेडक्रास सदस्य सुरेश चंद खंडेलवाल, चन्द्रशेखर लवानियां ने जरूरतमंद परिवारों को कम्बल वितरित किये।

कंबल वितरण किया

करौली। मकर संक्रांति के पर्व पर दिनभर दान पुण्य का काम चला भामाशाह और दुकानदारों ने गरीब महिलाओं विधवाओं को कंबल वितरण किया और भोजन कराए एवं दुकानदारों ने जगह-जगह गरम-गरम मंगोडे खिलाएं एवं गायों को चारा खिलाया मकर संक्रांति के पर्व पर करौली श्री माता वैष्णो देवी मंदिर पर भक्त मंडलों की ओर से गरीब और विधवा महिलाओं के लिए कंबल वितरण किया और उन्हें भोजन कारण भक्त मंडल के विनोद राजपूत ठाकुर बाबा भक्त मंडल के बृजमोहन कोटवाल मोनू भगत रामेश्वर भगत गोपाल शर्मा कंप्यूटर हमने बताया कि करीब 100 महिलाओं को साल वितरण किया इधर इधर कोतवाली के पास स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पीछे निशुल्क भोजनशाला पर भक्तों ने गरीब और विधवा महिलाओं को भोजन कराए इधर शहर में दुकानदार और भामाशाहों ने जगह-जगह फूटा कोट चौराहे पर भूडारा बाजार झंडू चौराहा हिंडौन गेट पुरानी सब्जी मंडी गुलाब बाग सर्कल आदि स्थानों पर लोगों को गरम-गरम मंगोडे खिलाएं। उधर मकर संक्रांति के पर्व पर दिनभर लोगों ने जमकर आतंकवादी का आनंद लिया दिन भर शहर में वह मारा यह कटी वो काटी का शोर देखने को मिला यही नहीं छोटे-छोटे बालकों ने जमकर कटी हुई पतंग लूटी।

करौली एसपी लोकेश सोनवाल का सम्मान

हिंडौन सिटी। करौली जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता के साथ बेहतर संबंध बनाकर कई ऐतिहासिक कदम उठाने वाले जिले के एसपी लोकेश सोनवाल का अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारीयों द्वारा स्वागत सम्मान किया है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवाडी ने बताया कि करौली पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल द्वारा जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खनन, अवैध वजरी दोहन, वर्षों से फरार चल रहे इनामी व हिस्ट्रीशीटरों की गिरफ्तारियां, जुआ एवं सट्टे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने को लेकर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में रिटायर्ड तहसीलदार कमलकांत शर्मा, रिटायर्ड प्रिंसिपल नागेंद्र शर्मा, घनश्याम गुप्ता, अभय कुमार शास्त्री, नरेश गौतम, लड्डू गोपाल अठावाल, नीरज गुप्ता, शिवजी हरदेनिया, दिनेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने करौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी लोकेश सोनवाल का साफा माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

2025 में हत्या, बलात्कार, चोरी में 7 से 63 प्रतिशत गिरावट

भरतपुर (निस)। पुलिस की सख्त कार्यवाही और लगातार निगरानी का असर अब दिखने लगा है। 2024 की तुलना में 2025 में विभिन्न प्रकार के अपराध दर में 7 से लेकर 63 प्रतिशत की गिरावट आई है। हत्या जैसे गंभीर मामलों में भी रिकॉर्ड स्तर पर कमी दर्ज हुई है। 2024 में जहां 63 हत्याएं दर्ज हुई थीं, वहीं 2025 में 63.5 प्रतिशत गिरावट के साथ यह संख्या घटकर मात्र 23 रह गई। बलात्कार के मामले में भी 15 प्रतिशत की गिरावट आई है।

एसपी दिगंत आंनद ने बताया कि भरतपुर जिले में वर्ष 2024 में बलात्कार के मामले में 146 मामले सामने दर्ज हुए,जबकि 2025 में यह संख्या घटकर 124 रह गई है। चोरी के मामलों में भी पुलिस की सख्ती का असर दिखा है। 2024 में चोरी के 1388 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2025 में यह संख्या घटकर 859 रह गई। यानी चोरी के मामलों में 38 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी तरह जिले में कुल अपराधों का आंकड़ा भी घटा है। 2024 में जहां 6913 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या 15.39 प्रतिशत की कमी के साथ 5849 पर आ गई।

वहीं पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही करने के मामले में भी 5.14: की वृद्धि हुई है। 2024 में विशेष अभियान चलाकर 1361 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई,जबकि 2025 में 1431 मामले दर्ज हुए। विशेष अभियान में एक्साइज, जुआ, आर्म्स, एनडीपीएस सहित अन्य एक्ट शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लगातार गश्त, तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी कैमरों का उपयोग और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई इस गिरावट के प्रमुख कारण हैं। साथ ही, सामुदायिक पुलिसिंग और जनता की सहभागिता ने भी अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाई है। जिले में अपराध दर में आई यह गिरावट न केवल पुलिस की कार्यशैली की सफलता को दर्शाती है, बल्कि आम नागरिकों में भी सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करती है। प्रशासन का दावा है कि आने वाले समय में अपराध दर को और कम करने के लिए आधुनिक तकनीक और जनसहयोग को और बढ़ावा दिया जाएगा।

'जिले में अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। अपराध किया तो सीधा जेल भेजा जाएगा। पुलिस बल को आदेश है कि गश्त, निगरानी और कार्रवाई में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी। हर अपराध पर तुरंत और सख्त कार्रवाई ही हमारी नीति है। - दिगंत आनंद, एसपी, भरतपुर। जिले में महिला, अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार के मामलों में भी वर्ष 2025 में गिरावट दर्ज की गई है। 2024 में महिला अत्याचार के 1661 मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 में घटकर 1441 रह गए। यानी 13.25 प्रतिषत की कमी आई है।

अनुसूचित जाति अत्याचार के मामले भी 312 से घटकर 239 हुए, जो 23.40 प्रतिषत की गिरावट है। हालांकि अनुसूचित जनजाति अत्याचार के मामले स्थिर रहे। 2024 और 2025 दोनों में 36 मामले दर्ज हुए। 2025 में कुल अपराधों में 15 प्रतिशत की आई कमीरू- अपराध 2024 2025 प्रतिशत कमी हत्या 63 23 63.49 प्रतिषत हत्या का प्रयास 61 56 8.20 प्रतिषत डकैती 3 0 100.0 प्रतिषत लूट 36 28 22.22 प्रतिषत अपहरण 271 251 7.38: बलात्कार 146 124 15.07: बलवा 13 10 23.08: नकबजनी 110 87 20.91 प्रतिषत चोरी 1388 859 38.11 प्रतिषत अन्य अपराध 4822 4411 8.52 प्रतिषत कुल अपराध 6913 5849 15.39 प्रतिषत

भरतपुर पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली पूंछरी का लौठा में मनाएंगे अपना जन्मोत्सव

- साधु-संतों का होगा समागम
- जहाँ वे भगवान श्री नाथ जी महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे

भरतपुर (निस)। भुसावर निवासी भाजपा के पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली 15 जनवरी को पूंछरी का लौठा में भगवान श्री नाथ जी की पूजा कर अपना 62वां जन्मदिन मनाएंगे। पूर्व ठाामीण मंडल अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी के अनुसार, इस अवसर पर साधु-संतों का सम्मान और भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें उनके सैकड़ों प्रशंसक शामिल होंगे। /भुसावर।

राजस्थान के भरतपुर जिले के अंतर्गत कस्बा भुसावर के निवासी और पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली आगामी 15 जनवरी, गुरुवार को अपना 62वां जन्म दिवस बेहद श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने जा रहे हैं। आस्था और संकल्प के अनूठे संगम के रूप में देखे जा रहे इस आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की अंतिम सीमा पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्पुंछरी का लौठाश् को चुना गया है, जहाँ वे भगवान श्री नाथ जी महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, पूर्व सांसद कोली मंदिर परिसर में पहुँचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सेवा और सम्मान का भाव भी परिलक्षित होगा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशेष रूप से साधु-संतों के सम्मान समारोह सहित कई अन्य कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक और गणमान्य नागरिक शिरकत करेंगे। पूर्व ठाामीण मंडल अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी ने इस विशेष आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह जन्मोत्सव न केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि यह क्षेत्र की जनता और आराध्य देव के प्रति कोली के अटूट विश्वास का प्रतीक भी है।

विवेकानंद जयंती पर राजकीय संगोष्ठी का आयोजन

हिंडौन सिटी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिंडौन इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर राजकीय महाविद्यालय एवं निर्मल कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया

विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने शिकागो धर्म संसद में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण, गुरु रामकृष्ण परमहंस के प्रति उनकी निष्ठा और युवाओं में उनके विश्वास पर प्रकाश डाला।

वहीं राजकीय महाविद्यालय में प्रांत कार्यकारणी सदस्य नैना सैनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक ऐसे महान संत थे जिनका हर कण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि विवेकानंद जी दीन-हीन लोगों की सेवा को ही ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व भी समझाया गया। नगर मंत्री शांतनु सिंह ने राष्ट्र निर्माण में युवाशक्ति की भूमिका पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। एबीवीपी इकाई कुंजल सैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही एक सशक्त भारत का निर्माण संभव है। साथ ही प्रो. रितेश जैन, प्रो. ललित कुमार शर्मा,छात्रा मुस्कान मीणा, छात्र अर्जुन तिवाड़ी ने भी स्वामी विवेकानंद जी ने भी उद्बोधन दिया।

वेदप्रकाश का चयन

भरतपुर (निस)। इंदिरा नगर, हीरादास स्थित कराटियंस स्पोर्ट्स एकेडमी के जूडो खिलाड़ी वेदप्रकाश भवनपुरा का 69 वीं 17 वर्षीय बालक/बालिका विद्यालयी नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। कराटियंस स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर और जूडो कोच ओंकार पंचोली ने बताया कि 13 से 14 जनवरी तक श्रीगंगानगर में आयोजित हुई 17 वर्षीय बालक/बालिका विद्यालयी जूडो चयन ओंकार पंचोली के अनुसार 23 से 28 जनवरी तक इंफाल, मणिपुर में 69 वीं 17 वर्षीय बालक/बालिका विद्यालयी नेशनल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इसमें भरतपुर के वेदप्रकाश भवनपुरा 90 किलो भार वर्ग में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम 20 जनवरी को श्रीगंगानगर से इंफाल के लिए प्रस्थान करेगी।

भगवान जगदीश के वार्षिक मेले के लिए कलेक्टर को सौंपा आमंत्रण

- 16 जनवरी शुक्रवार को शुरू होगा वार्षिक मेला, 23 जनवरी बसंत पंचमी को निकलेगी रथयात्रा

हिंडौन सिटी । जगदीश धाम कैमरी के भगवान जगदीश के सात दिवसीय वार्षिक मेले और 347वें स्थापना दिवस के उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को जगदीश मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आमंत्रण पत्र सौंप मेले के उद्घाघटन कार्यक्रम शामिल होने का आठाह किया ।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना के नेतृत्व में मंदिर ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, मुरारी नेता, सचिव रामविलास गुर्जर, हंसराज सरपंच, शेरसिंह नेता, चिरंजी लाल थानेदार, भूपेन्द्र अधैत, महेश खटाना सहित शिष्टमंडल के साथ कलेक्टर साहब से मिले और उद्घाटन समारोह सहित मेले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंने का आठाह किया । अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने बताया कि सात दिवसीय बसंत पंचमी मेले में 23 जनवरी को भगवान जगदीश जी की रथयात्रा निकलेगी जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे और रथयात्रा के बाद विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा । भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि मेले का उद्घाटन समारोह 16 जनवरी शुक्रवार प्रात: सवा ग्यारह बजे झंडा पूजन के साथ आरंभ होगा साथ ही कलेक्टर साहब नवनिर्मित रथघर का उद्घाटन और भगवान की रासलीला का उद्घाटन करेंगे । कलेक्टर साहब ने आमंत्रण स्वीकार कर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों से मेले की समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए । शिष्टमंडल में मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष शीशराम खटाना, सुठाीव सरपंच, कैप्टेन रतनसिंह, सियाराम वकील, ज्ञानसिंह अध्यापक, सुठाीव सरपंच, दयाराम ठेकेदार, भूपेन्द्र देवराज अधैत सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य शामिल रहे ।

कानून की जानकारी

गंगापुर सिटी 14 जनवरी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में श्रीमती मीनाक्षी चौधरी वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी के द्वारा पंचायत समिति सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, अतिरिक्त ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी हनुमान मुक्त, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी बत्ती लाल मीणा उपस्थित थे। श्रीमती चौधरी द्वारा मुख्य वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता नीरज खंडेलवाल, माया जैन, मीना शर्मा, अधिकार मित्र मुकेश कुमार गुर्जर, विकास सैनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, ब्लॉक हंउहंचनतबपजल की शिक्षिकाओं समेत लगभग 90ऋ95 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

न्यायिक कर्मचारियों में बढ़ेगी तकनीकी दक्षता

करौली। सर्वोच्च न्यायालय की ई कमेटी और राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर के तत्वाधान में जिला एवं सेशन न्यायालय में करौली न्याय क्षेत्र के न्यायिक कर्मचारीगण की योग्यता संवर्धन के लिए ई सी टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रशिक्षण का शुभारंभ माधवी दिनकर जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली के निर्देशन में नियुक्त परवीन बानो मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र कुमार नोडल अधिकारी अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली मयंक पालीवाल वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश टोडाभीम तथा लक्षिता सूत्रकार अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली कवीरूल हसन प्रोटोकॉल अधिकारी काम प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय करौली कमलेश कुमार गुप्ता सहायक लेखा अधिकारी प्रथम इंदर सिंह सिस्टम ऑफिसर एवं न्यायिक कर्मचारी गण की उपस्थिति में किया गया मयंक पालीवाल एवं लक्षिता सूत्रकार ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि न्याय प्रणाली तेजी से ऑनलाइन मोड की ओर बढ़ रही है ऐसे में कर्मचारियों को आज चांद तकनीकी और सॉफ्टवेयर के उपयोग में दक्ष बनाया जाना समय की मांग है उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं कार्यक्रम में कर्मचारियों को नई तकनीक से अवगत कराया गया साथ ही तकनीकी समस्याओं का समाधान भी बताया इस अवसर पर उपस्थित न्याय क्षेत्र करौली के सभी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई और तकनीकी दक्षता बढ़ाने का संकल्प लिया।

निकली भव्य शोभायात्रा

भरतपुर (निस)। वीर शिरोमणि राजा खेमकरण सोगरिया की जन्मजयंती पर आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ महाराजा सूरजमल स्मारक पर महाराजा विश्वेन्द्र सिंह ने झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, जिला जाट महासभा अध्यक्ष डा प्रेम सिंह कुंतल, राकेश फौजदार राजू ठेकेदार, पूर्व प्रधान दलवीर सिंह,मनुदेव सिनसिनी, दौलत फौजदार, ब्रजेश अग्रवाल, आदि सर्व समाज के लोग मौजूद रहे । शोभायात्रा मे हजारों नवयुवक डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे! शोभायात्रा मे हजारों नवयुवक ओर कई दर्जन गाडियों ओर घोड़ा बग्गी राजा खेमकरण जी के चित्र ओर फूल मालाओ से सजा कर भव्य शोभायात्रा बिजलीघर चौराहे होते हुए मुख्य बाज़ार से होते हुए चोबुर्जा घड़ी होते हुए किले से राजा खेमकरण सोगरिया स्मारक पर पहुंची।

राजा खैमकरण की मूर्ति पर हवन, पूजन व श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन

- राजा खैमकरण की प्रतिमा पर सभी ने श्रृद्धा सुमन अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी

भरतपुर (निस)। हिन्दू धर्मरक्षक वीर शिरोमणि राजा खैमकरण की प्रतिमा जघीना मोड़ भरतपुर पर सोगरिया समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में सर्व समाज द्वारा हवन पूजन व श्रृद्वांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंत्रोच्चार के साथ गायत्री परिवार की टीम ने देश में सुख शांति, खुशहाली, आपसी प्रेम व सद्भाव व समाज की वहवूदी के लिए हवन, पूजा की। तत्पश्चात् राजा खैमकरण की प्रतिमा पर सभी ने श्रृद्धा सुमन अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। संस्था के महामंत्री श्याम सिंह जघीना के अनुसार इस आयोजन में कैप्टन लक्ष्मीनारायण, दलवीर सिंह पूर्व सरपंच जघीना, राजू ठेकेदार, डा0 प्रेम सिंह कुन्तल, अध्यक्ष जिला जाट महासभा, जगवीर सिंह ठेकेदार, राकेश फौजदार, देवेन्द्र चामड, प्रहलाद पूर्व सरपंच सोगर, गिर्राज जघीना, कप्तान सिंह तुहिया, कु0 मीनेश उवार, दर्याब सिंह सोगर, उदय सिंह टोंटपुर, भानूप्रताप जघीना आदि ने विचार व्यक्त करते हुए श्रृद्धांजलि दी।

इससे पूर्व फतेहगढी पर गिरधारी तिवारी भाजपा नेता के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया तथा राजा खैमकरण की स्मृति व श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्याम सिंह जघीना, धीरेन्द्र पाल सिंह बिल्लू, अरविंद पाल सिंह, जगवीर ठेकेदार, हुकम सिंह जगदम्बा, राजकुमार सौनू, सुरजीत, जगदीश गोयल, उत्तम शर्मा, पवन कौन्तेय आदि ने सफाई अभियान में व श्रृद्धांजलि सभा में भाग लिया। सभी ने राजा खैमकरण को सत्रहवीं सदी का महान योद्धा व मुगलों से लम्बे समय तक संघर्ष करने वाला बताया व हिन्दू धर्म की रक्षा की।

डीग के श्रीपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, तीन लोग गंभीर घायल

डीग भरतपुर (निस)। डीग जिले के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव श्रीपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान झगड़े में एक पक्ष का एक और एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, एक पक्ष के एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार, दामोदर नामक व्यक्ति अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। तभी विजय सिंह पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट की। मारपीट में दामोदर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। और विजय पक्ष की विजय और विद्या देवी के बीच चोटे आई हैं ।

जिनका डीग अस्पताल में इलाज जारी है। घायल दामोदर को परिजन डीग अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे भरतपुर के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दामोदर ने बताया कि उसके भतीजे का विजय सिंह पक्ष से विवाद चल रहा है। उसने आरोप लगाया कि विजय सिंह और उसके साथियों ने धारदार हथियार से उसके सिर पर वार किया। डीग अस्पताल के चिकित्सक गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि श्रीपुर से एक व्यक्ति को सिर में गंभीर चोटों के साथ लाया गया था।

प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वही झगड़े में विजय सिंह पक्ष के दो लोग घायल हुए हैं। विद्या देवी पत्नी विजय सिंह ,विजय सिंह (54) पुत्र संगीराम निवासी श्रीपुर बिग कोतवाली के एसआई अमर सिंह ने बताया हम झगड़ा की सूचना पर गांव श्रीपुर पहुंचे वहां जाकर देखा तो सभी घायलों को डीग अस्पताल लाया गया हम दोबारा अस्पताल पहुंचे वहां से सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हमने गांव श्रीपुर में लोगों से बातचीत की तो बातचीत के दौरान पता लगा की कोई पुरानी रजिंश चल रही थी जिसको लेकर आज सुबह विजय सिंह पक्ष और दामोदर पक्ष में झगड़ा हो गया अभी किसी पक्ष ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

तीन दिन की धूप के बाद आज ग्रामीण अंचल में रहा घने कोहरे का असर

गंगापुर सिटी । आसपास के इलाकों में 3 दिनों की धूप के बाद बुधवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह लोग नींद से जागे तो शहर और ग्रामीण अंचल घने कोहरे की चपेट में थे। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही, जिससे सर्दी का असर एक बार फिर बढ़ गया। मंगलवार की तुलना में बुधवार को न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जबकि अधिकतम तापमान स्थिर बना रहा। पिछले 3 दिनों से लगातार धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई थी। इससे लोगों को कड़ाके की सर्दी और गलन से काफी राहत मिली थी। हालांकि, बुधवार सुबह छाए कोहरे और ठंडी हवाओं ने सर्दी का अहसास फिर से बढ़ा दिया। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम 23 डिग्री सेल्सियस था, जो बुधवार को घटकर न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 7 दिनों में अधिकतम तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद, सुबह और शाम को सर्दी का प्रभाव बना हुआ है। कोहरे के कारण सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी रही और लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के